प्रेस के लिए सूचना पत्र

तुरंत जारी करने के लिए

प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 01/2021)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

विषयः भादूविप्रा में ईऑफिस का कार्यान्वयन

नई दिल्ली, 01 जनवरी, 2021 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज से ईऑफिस का शुभारंभ किया है। ईऑफिस प्लेटफार्म का उद्‌घाटन भादूविप्रा के अध्यक्ष डॉ. पी. डी. वाघेला द्वारा किया गया।

ई–ऑफिस का मुख्य उद्देश्य संगठन की आंतरिक कार्यप्रणाली में अधिक कुशलता लाना और प्रक्रियाओं का मानकीकरण करना है। कोविड–19 के दौरान, यह जरूरी हो गया है कि कार्यालयों में कागजों/फाइलों का कम से कम संचलन हों।

ई–ऑफिस को अपनाने के साथ, भादूविप्रा महत्वपूर्ण कागजरहित संगठन बन गया है। इससे प्रशासन में बेहतर जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इससे फाइलों को भौतिक रूप में संभाल कर सुरखित रखने पर होने वाल खर्च की बचत होगी और फाइलों में छेड़छाड़/फाइलों के गुम जाने की वजह से डेटा की हानि होने की संभावना भी कम हो जाएगी। इससे अधिकारियों के लिए ''किसी भी समय और कहीं से भी'' फाइलों का निबटारा करना सुगम हो जाएगा, जिससे कार्य–कुशलता बेहतर होगी और फाइलें एवं महत्वपूर्ण कागज 24/7 उपलब्ध रहेंगे। ई–ऑफिस को शुरू करके भादूविप्रा ने अपने कामकाज में शानदार पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

अधिक जानकारी के लिए, श्री संजीव बंजाल, सलाहकार (आईटी, सीए एवं टीडी), भादूविप्रा से ईमेल आईडीः advisorit@trai.gov.in और/या टेलीफोन 011–23210990 पर संपर्क किया जा सकता है।

(संजीव बंजाल)
सलाहकार (आईटी, सीए एवं टीडी), भादूविप्रा